RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 07 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 103 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# अमृत भारत स्टेशन योजना में राज्य के 44 स्टेशन शामिल

## मुंबई रेलवे विभाग के तीन स्टेशन कांजुरमार्ग, परेल, विक्रोली शामिल...

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का जताया आभार

मुंबई : देश के रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए चलाई जा रही अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस योजना में महाराष्ट्र के 44 रेलवे स्टेशनों का समावेश करने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि इसके पहले ही केंद्रीय बजट में महाराष्ट्र की रेलवे परियोजनाओं के लिए 13 हजार 539 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था जिससे राज्य के 123 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इन स्टेशनों में बुनियादी सुविधाओं एवं अपडेट सुविधा और रेलवे मार्ग के कामों को आगे बढ़ाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के रेलवे स्टेशनों की दृष्टि से आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है। देश के 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत निर्माण होने वाली सुविधाओं की वजह से रेलवे स्टेशनों का परिवर्तन होगा, साथ ही यात्रियों को उत्तम सुविधाएं भी मिलेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना की वजह से रेलवे स्टेशनों का पुनरुज्जीवन होने के साथ -साथ रेलवे स्टेशन की जगह और स्टेशन के परिसर का विकास, प्रतिक्षागृह, स्वच्छतागृहे, लिफ्ट, एस्कलेटर, मुफ्त वायफाय, स्थानीय उत्पादों को बिक्री के लिए स्वतंत्र केंद्र, यात्रियों को जानकारी देने के लिए उद्घोषणा प्रणाली, दिव्यांगों के लिए सुविधा आदि सुविधाएं चरणबद्ध पद्धति से किए जाने की बात कहते हुए इन विविध ढांचागत सुविधाओं का नया अध्याय रेलवे के इतिहास में दर्ज होगा। यह विश्वास भी मुख्यमंत्री शिंदे ने व्यक्त किया।

**अमृत भारत स्थानक योजना में शामिल महाराष्ट्र के विभागवार रेलवे स्टेशन:** मुंबई रेलवे विभाग - कांजुरमार्ग, परेल , विक्रोली, सोलापुर रेलवे विभाग- अहमदनगर, दौंड, कोपरगांव, कुर्डुवाडी जंक्शन, लातूर, उस्मानाबाद, पंढरपुर, सोलापुर, पुणे रेलवे विभाग - आकुर्डी, कोल्हापुर, तलेगांव, भुसावल रेलवे विभाग - बडनेरा, मलकापुर, चालीसगांव , मनमाड, शेगांव, नागपुर रेलवे विभाग - वडसा, गोंदिया, चांदाफोर्ट, बल्लारशाह, चंद्रपुर, धामणगाव, गोधनी, हिंगणघाट, काटोल, सेवाग्राम, नरखेड, पुलगांव, नांदेड रेलवे विभाग - औरंगाबाद, गंगाखेड, हिंगोली डेकन, जालना, किनवट, मुदखेड, नगरसोल, परभणी, परतूर, पूर्णा, सेलू, वाशिम, सिकंदराबाद रेलवे विभाग - परली वैजनाथ


# पांच रुपए फीस भरने के नाम पर धोखाधड़ी...!

### ऑनलाइन मंगाया जूता...




**मुंबई :** जुहू में रहने वाला 20 साल का एक छात्र साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया। छात्र ने जूते ऑनलाइन बुक किए थे लेकिन बुकिंग के पांच दिन बाद भी उसे जूतों की डिलीवरी नहीं मिली, तब उसने गूगल पर सर्च कर कूरियर कंपनी का नंबर निकाला और साइबर ठगों ने प्रोसेसिंग के नाम पर उससे 1.59 लाख रुपये की ठगी कर ली। जुहू पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, रोशन सिंह ने जूते ऑनलाइन बुक किए थे। जिसकी डिलीवरी में काफी समय लग गया, इसलिए उसने गूगल पर कूरियर कंपनी का नंबर सर्च किया। उन्होंने गूगल पर मिले नंबर पर कॉल कर जूते की डिलीवरी के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि लड़का जूते की डिलीवरी देने आया था लेकिन आपने उसका फोन उसने नहीं उठाया। सिंह से कहा गया कि अगर जूतों की जल्दी जरूरत है तो ऑर्डर का ट्रैकिंग नंबर बताएं और पांच रुपये देने होंगे। पांच रुपये जमा करने के लिए उसने सिंह को एक लिंक भेजा और ऑनलाइन जाकर पांच रुपये जमा करने को कहा। सिंह ने उस लिंक पर क्लिक किया लेकिन पांच रुपये ट्रांसफर नहीं हुए। जिसके बाद सिंह को एक और लिंक भेजा गया।

# लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट की दी धमकी, तो मुंबई पुलिस ने शख्स को दबोचा



**मुंबई :** मुंबई में धमकी भरे कॉल आने का सिलसिला जारी है। कुछ दिनों पहले पीएम मोदी को मारने की धमकी दी गई थी। वहीं, अब मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में आई कॉल के बाद पुलिस चौंकन्नी हो गई और 25 वर्षीय एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि संदेह है कि उस व्यक्ति ने नशे की हालत में फोन किया था। कॉल करने वाले शख्स ने यह सूचना दी है कि मुंबई में सीरियल बम धमाके होने वाले हैं। फोन करने वाले शख्स ने दावा किया है कि मुंबई लोकल ट्रेन में बम धमाके होने वाले हैं। यहां पर बम रखे गए हैं। कॉल को उठाने वाले पुलिसकर्मी ने उससे अधिक जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन उसने ज्यादा कुछ बताने से इनकार कर दिया।

### पुलिस थानों को किया सतर्क

**कॉल करने वाले ने कुछ देर बाद अपने मोबाइल को बंद कर दिया। घटना की गंभीरता को देखने हुए संबंधित पुलिस थानों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने व्यक्ति के मोबाइल फोन नंबर का पता लगाया और अन्य तकनीकी सबूतों की मदद से उस व्यक्ति को जुहू इलाके से पकड़ लिया गया, जहां से उसने कथित तौर पर धमकी भरा फोन किया था।**

**शख्स ने खुद बताया अपना पता**

पुलिस ने जब कॉल करने वाले शख्स से पूछा कि कौन सी ट्रेन में बम को प्लांट किया है, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। सामने से यह कहकर फोन रख दिया गया कि वह जुहू के विलेपार्ले इलाके से बोल रहा है।

### बिहार से आया था शख्स

**जुहू पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि वह व्यक्ति बिहार से आया था और पिछले 10 दिनों से मुंबई में था। पुलिस ने कहा कि कॉल करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि वह व्यक्ति आदतन शराब पीने का आदी था। संदेह है कि उसने नशे की हालत में फोन किया था। अधिकारी ने कहा कि हम उसके बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं।**

# मोबाइल छिननेवाले तीन गिरफ्तार



**मुंबई :** खार पुलिस ने राहगीरों के मोबाइल छीनकर भगनेवाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक आरोपी मोबाइल खरीदनेवाला भी शामिल है। आरोपियों ने मोटरसायकिल पर जाते हुए राह चलते जा रहे राहगीर के हाथ से मोबाइल छीनकर भगा था। जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी जानकारी हांसिल कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम फरीद अब्दुल सत्तार शेख, रियान जाहिद शेख, और इरफान रहमान शेख है। अब्दुल और रियान ने छिनैती की घटना को अंजाम दिया था। जबकि इरफान ने छीना गया मोबाइल खरीदा था।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## 6.4 लाख गांवों में ब्राडबैंड

यह अच्छा हुआ कि केंद्रीय कैबिनेट ने 6.4 लाख गांवों को ब्राडबैंड से जोड़ने के लिए 1.3 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी। आशा की जानी चाहिए कि अब इस पूरी योजना को धरातल पर उतारने में कहीं अधिक आसानी होगी। अभी लगभग दो लाख गांवों में ब्राडबैंड इंटरनेट की सेवा पहुंच चुकी है। यदि इस योजना पर सही ढंग से समय रहते अमल किया जा सके तो भारत का ग्रामीण क्षेत्र भी निश्चित रूप से डिजिटल क्रांति में शामिल होगा। चूंकि यह दौर डिजिटल युग का है, इसलिए इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के भरे-पूरे आसार हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना इसलिए हमारे नीति-नियंताओं की प्राथमिकता सूची में होना चाहिए, क्योंकि भारत की अधिसंख्य आबादी अभी भी गांवों में निवास करती है। गांवों के ब्राडबैंड से जुड़ने से उनमें कारोबारी गतिविधियों को बल मिलने की भी उम्मीद की जा रही है। इससे स्वाभाविक रूप से जीएसटी संग्रह में भी वृद्धि होगी और इसका लाभ पूरे देश को भी मिलेगा, लेकिन इसके साथ ही सरकार को यह भी देखना होगा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसे और अधिक संस्थागत स्वरूप ले। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था में जिस अनुपात में वृद्धि हो रही है, उसके अनुरूप टैक्स का दायरा बढ़ नहीं पा रहा है। जहां तक गांवों की बात है तो उनमें आय के साधनों के साथ ही लोगों की डिजिटल पहुंच बढ़ रही है और कारोबारी गतिविधियों का क्षेत्र भी विस्तृत हो रहा है, लेकिन बात चाहे जीएसटी संग्रह की हो अथवा आयकर की, ग्रामीण अर्थव्यवस्था कुल मिलाकर पुराने ढर्रे पर ही चल रही है। यह ठीक है कि औसत किसान साधनसंपन्न नहीं हैं और उनकी आय भी सीमित है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं ही नहीं जो अच्छी-खासी कमाई न करते हों। विडंबना यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अति धनाढ्य और बड़ी आय वाले किसान भी टैक्स के दायरे से बाहर हैं।

यह सही समय है जब इस पर विचार किया जाए कि जिनकी अच्छी-खासी आय है और जो टैक्स देने में समर्थ हैं, उन्हें आयकर के दायरे में लाया जाए। ऐसा करना गांवों की अपनी खुशहाली और बेहतरी के लिए भी आवश्यक है। सरकार ने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए हैं, लेकिन उनकी सार्थकता तभी है जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था का पूरा ढांचा सशक्त और पारदर्शी होगा। अगर सरकार सभी गांवों को ब्राडबैंड से जोड़ने की पहल को आर्थिक विकास के एक अहम पहलू के रूप में देख रही है तो उसे कृषि की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से टैक्स की प्रणाली पर नए सिरे से निगाह डालनी चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मनपा की निष्क्रियता के खिलाफ कांग्रेस का मोर्चा...

## सभी 24 वार्ड पर किया गया विरोध प्रदर्शन

मुंबई : मुंबई महानगरपालिका प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ कांग्रेस ने महानगर के सभी 24 वार्ड कार्यालयों पर आक्रोश मोर्चा निकाला। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने मनपा प्रशासन पर हमला बोलते हुए कहा कि लगभग 40 हजार करोड़ के बजट वाली मुंबई मनपा आम लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में असमर्थ है। कुर्ला एल वार्ड पर पूर्व मंत्री और प्रदेश कॉंग्रेस कार्याध्यक्ष नसीम खान के नेतृत्व में मोर्चा निकाला गया।



वहीं गोरेगांव में पूर्व सांसद संजय निरुपम के नेतृत्व में मोर्चा निकाला गया। वर्षा गायकवाड ने कहा कि यह बहुत ही दुःख की बात है कि मुंबईकरों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिलता। मुंबई महानगरपालिका हर साल सड़कों पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है, फिर भी मुंबईकरों को अच्छी सड़कें नहीं मिलतीं। महानगरपालिका की तरफ से नालों की सफाई नहीं की जाती है, इसलिए मानसून के दौरान मुंबई में भारी मात्रा में जलजमाव हो जाता है। मुंबई की स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल भी मुंबई महापालिका की सड़कों जैसा ही है। कुर्ला एल वार्ड में नसीम खान ने मोर्चे को संबोधित करते हुए कहा कि एल विभाग में आने वाले चांदीवली, कालीना और कुर्ला विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न समस्याओं की तरफ विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान में प्रशासक के रूप में काम करने वाले सहायक पालिका आयुक्त अधिकारियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं। पिछले दो साल से नगरसेवक नहीं होने से एल वार्ड की सीमा में आने वाले कुर्ला, अंधेरी सड़क का चौड़ीकरण, एल डिवीजन सीमा में काजुपाडा पाइपलाइन रोड का चौड़ीकरण जैसी योजनाएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। बिल्डर और महापालिका की मिलीभगत से कसाईवाड़ा कुरेश नगर से नेहरू नगर तक का रास्ता बंद कर दिया गया है। जागृति नगर से कसाई वाडा कब्रिस्तान तक का रास्ता भी बंद कर दिया गया है।

### एम पूर्व वार्ड के अधिकारी पर फेंकी स्याही

कांग्रेस के आंदोलन के दौरान एम पूर्व वार्ड में कार्यकारी अधिकारी अनिल जाधव पर स्याही फेंकी गई। इससे मनपा के इंजीनियरों ने नाराजगी प्रकट की। बाद में बीएमसी की तरफ से देवनार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया।

# ठाणे में 63,200 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त... पांच गिरफ्तार



**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने एक ही गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 63,200 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये तथा इस सिलसिले में एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर शुक्रवार को नवी मुंबई के कोपरी गांव स्थित एक चॉल के पास छापेमारी कर 21.14 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किये और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया। विज्ञप्ति के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों की पहचान ताहिर मोहम्मद अली (25), मोहम्मद जुनैद पोस्कर खान (22), रफीक अजीज शेख (21) और नीलेश भोइर (32) के रूप में हुई। इसमें बताया गया कि पुलिस ने शुक्रवार को इसी गांव में एक और छापेमारी कर कविता राठौड़ (30) नामक महिला को गिरफ्तार किया और उसके पास से 1,060 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि दोनों स्थानों से जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत 63,200 रुपये है। उसने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी मादक पदार्थ कहां से लाते थे और उनकी इसे किसे बेचने की योजना थी।

# BEST के निजी बस चालकों की हड़ताल 5वें दिन भी जारी



**मुंबई :** बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन से संबद्ध निजी बस चालकों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल रविवार को पांचवें दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निजी परिचालकों की कम से कम 704 बसें सड़कों से नदारद रहीं। सार्वजनिक परिवहन निकाय 'बेस्ट के एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य के स्वामित्व वाली महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बसों को सेवा में लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हड़ताल के कारण 18 डिपो पर सेवाएं प्रभावित हुईं। शहर में 'बेस्ट 27 डिपो से बसों का संचालन करती है। अधिकारी ने बताया कि बस परिचालकों के खिलाफ उनके साथ हुए समझौते की शर्तों के मुताबिक कार्रवाई की जा रही है। वेतन बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर निजी बस परिचालकों के चालकों ने बुधवार को हड़ताल शुरू की थी। प्रदर्शन कर रहे चालकों का दावा है कि पिछले तीन वर्ष में उनके वेतन की पर्याप्त वृद्धि नहीं हुई है और उनके लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि उनका वेतन 'बेस्टकर्मचारियों की तुलना में काफी कम है।

# तालाबों में 80 प्रतिशत पानी हुआ जमा

# मुंबईकर पानी के लिए हो रहे परेशान कटौती का कई इलाको में असर

**मुंबई :** मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में 80 प्रतिशतपानीजमा(80perce»»ft wÔterdeposits)होचुकाहै। इसके बावजूद मुंबई में 10 प्रतिशत पानी कटौती जारी है। पानी कटौती का असर ऊंचाई वाले इलाको में 50 प्रतिशत होने का आरोप लगा रहे है। लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है। मनपा प्रशासन फिर भी पानी कटौती



पीछे लेने का नाम नहीं ले रही है। पानी कटौती कब रद्द होगी इस संबंध में जब मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल से पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। मनपा अधिकारी इसके पहले कह रहे थे कि तालाबों में 75 प्रतिशत पानी जमा हो जाने पर कटौती रद्द करने पर विचार किया जाएगा।

मुंबई में करीब दो सप्ताह देरी से 24 जून से बारिश शुरू हुई। मनपा ने 1 जुलाई से मुंबई में 10% पानी की कटौती शुरू कर दी। उस समय तालाबों में मात्र 6 प्रतिशत पानी शेष रह गया था। लगातार अच्छी बारिश होने से तालाबों में जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई। मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाबों में 4 ओहर फ्लो हो गए एक 97 प्रतिशत भर गया है। इसके बावजूद मुंबईकर को पानी कटौती का सामना कर रहे हैं। मनपा के पूर्व विपक्ष नेता रवि राजा ने कहा कि जब तालाब में 80 प्रतिशत से अधिक पानी जमा हो गया है फिर पानी कटौती क्यों नहीं रद्द की जा रही है।

मनपा आयुक्त पानी कटौती रद्द करने के लिए न जाने किसके आदेश का इंतजार कर रहे हैं उन्हें मुख्यमंत्रीएकनाथशिंदे(Ek»»fÔth Shi»»fde) का आदेश आ जाए अभी कटौती रद्द हो जाएगी।।

### 5 अगस्त तक तालाबों में जमा कुल पानी

वर्ष 2023 –1157919
एमएलडी– 80 प्रतिशत
वर्ष 2022– 1299421 –
एमएलडी–89.78 प्रतिशत
वर्ष 2021– 1149971
एमएलडी– 79.45 प्रतिशत

### चार तालाब हुए लबालब पांचवा भी भरने की कगार पर

मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सात तालाबों मोडक सागर, अपर वैतरणा, तानसा, मध्य वैतरणा, भातसा, विहार और तुलसी में 1157919 एम एल डी पानी जमा हो चुका है। इसमें तुलसी, विहार, तानसा ,मोडक, ओहर फ्लो हो चुके है। मध्य वैतरणा भी 97 प्रतिशत भर चुका है। दो तालाबों से मुंबई को सबसे ज्यादा पानी आपूर्ति होती है जिसमे भातसा तालाब में 522032 एम एल डी पानी जमा हो गया है जो उसकी कुल क्षमता का 73 प्रतिशत है। वही अपर वैतरणा में 140240 एम एल डी यानी करीब 62 प्रतिशत पानी जमा हुआ है ।

# गार्ड भर्ती में घोटाला, अभ्यर्थियों से १०-१० लाख रुपए लिए जाने की बात सामने आई...




**मुंबई :** कुछ दिन पहले मुंबई में पुलिस भर्ती और उससे पहले स्वास्थ्य भर्ती में घोटाले के आरोप लगे थे। उसके बाद राजस्व, शिक्षा विभाग में ट्रांसफर के लिए मोटी रकम लिए जाने की बात सामने आई थी। अब वन विभाग में गार्ड भर्ती में घोटाला होने का खुलासा हुआ है। इस भर्ती में अभ्यर्थियों से १०-१० लाख रुपए लिए जाने की बात सामने आई है। इस भर्ती में एक ऐसे रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है, जिसमें वनरक्षक की नौकरी दिलाने के लिए चार परीक्षार्थियों से १०-१० लाख रुपए लिए गए थे। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ संभाजीनगर के एमआईडीसी सिडको पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले अभ्यर्थी को फोन पर जवाब देने के रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था। साथ ही तीन तरह के हाईटेक नकल का भी खुलासा हुआ। यह भी पता चला है कि उन्होंने उम्मीदवारों के सभी मूल दस्तावेज अपने पास ले लिए और उनसे १०-१० लाख रुपए के हस्ताक्षरित खाली चेक ले लिए थे। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। आगे मामले की जांच जारी है। वन विभाग में रिश्वत लिए जाने की शिकायत पिछले दिनों सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने भी वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार से की थी। बता दें कि शिंदे सरकार में पैसे दिए बिना ट्रांसफर और पदोन्नति नहीं होती है। क्रीम पोस्टिंग के लिए लाखों रुपए देना पड़ता है। राजस्व और शिक्षण विभाग में ऐसी घटनाएं सामने आई थीं। प्रतिपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने इस संदर्भ में अधिवेशन के दौरान सदन में सबूत पेश किया था।

# ‘अमित शाह महाराष्ट्र के दामाद’, अजित पवार ने यूं कराया परिचय...

# फिर फडणवीस ने बताई रिश्ते की पूरी कहानी

**पुणे:** केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार की ओर से बनी वेबसाइट का उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में चिंचवड़ के रामकृष्ण मोरे सभागार में किया गया। इस वेबसाइट का उद्घाटन अमति शाह ने दोपहर में किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ राज्य के सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल और अन्य मंत्री और नेता उपस्थित थे। इस मौके पर बोलते हुए अजित पवार ने अमित शाह की सराहना की। अजित पवार ने कहा कि अमित शाह को महाराष्ट्र से ज्यादा प्यार है। देवेंद्र फडणवीस ने भी आगे बढ़कर अमित शाह और महाराष्ट्र का कनेक्शन बता दिया।

**अजित पवार ने क्या कहा?**

अजित पवार ने कहा कि अमित शाह का महकमा नरेंद्र मोदी के सहयोग से समृद्धि का ध्यान खींचने की कोशिश कर रहा है। अजित पवार ने कहा कि अमित शाह गुजरात से आते हैं, लेकिन उन्हें महाराष्ट्र ज्यादा पसंद है। अजित पवार के इतना कहते ही जोरदार तालियां बजने लगीं। अजित पवार ने इसकी वजह बताई। उन्होंने कहा कि अमित शाह महाराष्ट्र के दामाद हैं। अगर हम सहमत नहीं हैं तो दामाद को ससुराल वाले ज्यादा प्यारे लगते हैं। अमित शाह के नेतृत्व में वेब पोर्टल का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम है। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र और देश की सहकारी समितियों में उत्साह का माहौल बनेगा।

**देवेंद्र फडणवीस ने क्या कहा?**

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की भूमि सहयोग की भूमि है। महाराष्ट्र में सहकार के युग का सूत्रपात हुआ। देश में सहयोग का उच्चतम स्तर महाराष्ट्र में ग्राम स्तर तक पहुंचा है। महाराष्ट्र में एक बड़ा सहकारी क्षेत्र बनाया गया। अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय स्वीकार कर नया कानून बनाया। सहयोग का नेटवर्क गांव स्तर तक पहुंचे, इसके लिए एक सिस्टम बनाया गया है और एक पोर्टल बनाया गया है। फडणवीस ने कहा कि अमित शाह ने उस पोर्टल का उद्घाटन करने के लिए महाराष्ट्र के पुणे को चुना।

महाराष्ट्र के दामाद हैं अमति शाह

अजित पवार ने कहा कि अमित शाह को महाराष्ट्र से प्यार है, ये सच है कि वो महाराष्ट्र के दामाद हैं। लेकिन, अमित शाह

# पशु चिकित्सा कॉलेज के छात्रों की हड़ताल

**मुंबई :** ईडी सरकार ने पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ-साथ निजी पशु चिकित्सा कॉलेजों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके खिलाफ मुंबई में पशु चिकित्सा कॉलेज के छात्रों ने हड़ताल शुरू की है। परिणामस्वरूप मुंबई के गोरेगांव में पशु चिकित्सा कॉलेज के अस्पताल का ओपीडी विभाग पूरी तरह से ठप हो गया है। इसके चलते परेल में दी बाई साकरबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स में स्वास्थ्य सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं।

राज्य सरकार द्वारा पशु चिकित्सा में शुरू किए जानेवाले डिप्लोमा पाठ्यक्रम को भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा दिशा-निर्देश जारी होने तक रद्द किया जाना चाहिए। इस पाठ्यक्रम का नाम पशुपालन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम से बदलकर नर्सिंग इन एनिमल हेल्थ किया जाना चाहिए। साथ ही प्रस्तावित तीन सरकारी कॉलेजों का काम तुरंत शुरू किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर मुंबई पशु चिकित्सा कॉलेज के छात्रों ने



बीते सात दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रखी है। इस हड़ताल का असर कॉलेज से जुड़े गोरेगांव के अस्पताल पर पड़ा है। इस अस्पताल का ओपीडी पूरी तरह से बंद हो गया है। इसलिए जो लोग इस अस्पताल में इलाज कराने के लिए जानवर लाते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उन्हें किसी निजी अस्पताल या परेल के अस्पताल में ले जाएं।

गोरेगांव के अस्पताल के ओपीडी में प्रतिदिन ६० से ७० जानवरों को इलाज के लिए लाया जाता है। इन सभी को अब निजी या परेल अस्पताल की शरण लेनी पड़ रही है। हालांकि, गोरेगांव में अस्पताल के प्रोफेसरों और छात्रों के माध्यम से आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। हड़ताल ने कॉलेज से जुड़े परेल में एनिमल्स अस्पताल में पशु देखभाल को आंशिक रूप से प्रभावित किया है। मानव बल की कमी के कारण परेल अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं बाधित हो गई हैं। यहां प्रतिदिन ८० से १०० जानवरों को इलाज के लिए ओपीडी में लाया जाता है। फिलहाल, अस्पताल में ३५० जानवर भर्ती हैं। हालांकि हड़ताल ने विभिन्न जांचों, प्रयोगशालाओं, चिकित्सा विभागों और रोगी देखभाल को प्रभावित किया है। परेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया कि छात्रों की हड़ताल के कारण जानवरों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में दिक्कतें आ रही हैं।




# राकांपा के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने शाह से 'गुप्त' मुलाकात की बात से इनकार किया



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता तथा शरद पवार के करीबी जयंत पाटिल ने रविवार को इन खबरों को खारिज कर दिया कि उन्होंने पुणे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ''गुपचुप'' मुलाकात की थी। उन्होंने इन अटकलों का भी खंडन किया कि वह शिवसेना-भाजपा सरकार में अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने वाले हैं। पाटिल ने कहा कि वह शनिवार शाम को राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ थे और बाद में उन्होंने अपने आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं अनिल देशमुख, राजेश टोपे और सुनील भुसारा से मुलाकात की थी।

राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, 'वे रात डेढ़ बजे तक मेरे घर पर थे। मैं आज सुबह फिर शरद पवार से मिला। जिन लोगों ने ये अफवाहें फैलाईं, उन्हें जवाब देना चाहिए कि मैं किस समय पुणे में शाह से मिला और सबूत दिखाएं। मैं हमेशा शरद पवार के साथ हूं। ऐसी अटकलें बंद होनी चाहिए।' अमित शाह ने रविवार को पुणे में 'सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज (सीआरसीएस)' कार्यालय का डिजिटल पोर्टल शुरू किया। पाटिल ने कहा कि उन पर पाला बदलने का कोई दबाव नहीं है और उन्होंने किसी से कोई बातचीत नहीं की है। राकांपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'मैंने मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के आयोजन के लिए (शनिवार को) एमवीए की बैठक में भाग लिया। मैं आयोजन समिति का हिस्सा हूं, इसलिए यह स्पष्ट है कि ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं।' पाटिल ने यह भी कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य राकांपा का आधार बढ़ाना है। गौरतलब है कि अजित पवार और एनसीपी के आठ विधायक पिछले महीने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री और आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी।

# दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान

## फैल रही गैस्ट्रो बीमारी



**मुंबई :** जुहू के जानकी कुटीर इमारतों के निवासियों को लगभग एक महीने से दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मनपा द्वारा की जा रही पानी सप्लाई में दूषित पानी के साथ साथ पानी में दुर्गंध आ रही है। दुर्गंधयुक्त और हानिकारक पानी के कारण इमारत के रहिवासी कई बार बीमार पड़ चुके है। परिणामस्वरूप उन्हें बोतलबंद पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा लोगो को अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए टैंकरों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विक्रम बिल्डिंग की निवासी 72 वर्षीय रूपा देसाई ने दूषित पानी की सप्लाई पर नाराजगी जताते हुए कहा की जब हम नल खोलते हैं तो पानी से गटर के पानी जैसी दुर्गंध आती है। मनपा के जल विभाग के अधिकारी केवल पाइप लाइन में खराबी का पता लगाने का आश्वासन दे रहे है लेकिन अभी तक पानी का लीकेज अथवा पाइप लाइन में गंदा पानी कहा से जा रहा है यह खोज पाने में कामयाब नहीं हो पा रहे है। उसी इमारत की एक अन्य निवासी 19 वर्षीय रिया गांधी ने कहा कि पानी ज्यादातर भूरे और पीले रंग का है।

जिसको पीने के लिए भी डर लगता है इस पानी को उबाल कर भी नहीं पिया जा सकता है। लोगो का आरोप है कि गंदे पीने से लोगो को गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक अमीत साटम ने कहा कि उन्होंने मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल से इस मुद्दे से अवगत कराया है और पानी की पाइप लाइन कहा पर फूटी है या बारिश का पानी उसमे कैसे जा रहा है जल निकासी के साथ कोई मिश्रण होने की जांच के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया है। साटम ने कहा पिछले दिनों 18 इंच की पाइप लाइन फूटी थी जिससे यह समस्या पैदा हुई थी लेकिन पाइप लाइन का मरम्मत किया गया था जिससे समस्या लगभग हल हो गई थी लेकिन पिछले दो दिनों से यह फिर से हो गई है। समस्या को सुलझाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# 31 अगस्त को 'इंडिया' की तीसरी महत्वपूर्ण दो दिवसीय बैठक





**मुंबई :** केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ 'इंडिया' एकजुट हो गया है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी महत्वपूर्ण दो दिवसीय बैठक आगामी ३१ अगस्त को मुंबई में आयोजित की गई है। इस बैठक की मेजबानी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) करने जा रही है। इस बात की जानकारी शिवसेना नेता व सांसद संजय राऊत ने दी।

भाजपा के विरोध में देशभर में बनाए जा रहे विरोधी दलों की इंडिया आघाड़ी की आगामी महत्वपूर्ण बैठक मुंबई में होगी। ३१ अगस्त से १ सितंबर ऐसे २ दिन यह बैठक चलेगी। इस बैठक के लिए मेजबानी का पद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के पास है।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और सांसद संजय राउत ने इस संदर्भ में जानकारी दी। इस बैठक के मद्देनजर कल महाविकास आघाड़ी के प्रमुख नेताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार भी उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने कहा, 'पटना, बंगलुरु के बाद ३१ अगस्त और १ सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में 'इंडिया' की बैठक होगी। बैठक ३१ तारीख की शाम को शुरू होगी और १ तारीख को भी जारी रहेगी। उद्धव ठाकरे ने ३१ तारीख को सभी आमंत्रित लोगों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया है। १ तारीख को सुबह १०.३० बजे बैठक शुरू होगी। बैठक दोपहर ३ बजे तक होगी और उसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

मुंबई में होने वाली बैठक की मेजबानी शिवसेना करेगी। हर किसी की कुछ जिम्मेदारियां होती हैं, जिन्हें कल आवंटित किया गया। मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में आयोजित महाविकास आघाड़ी की बैठक में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की ओर से पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे, नेता संजय राऊत, सुभाष देसाई और सांसद अनिल देसाई उपस्थित थे। इसके साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील और कांग्रेस की ओर से बालासाहेब थोरात, नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार, पृथ्वीराज चव्हाण और अशोक चव्हाण उपस्थित थे।

# बढ़ रहा है आई-फ्लू का प्रकोप



**ठाणे :** मुंबई, दिल्ली के बाद अब ठाणे में भी आई-फ्लू का प्रकोप बढ़ रहा है। ठाणे मनपा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों में आई-फ्लू के ५९ मरीज मिले हैं। इसी तरह कलवा अस्पताल में आई-फ्लू के मरीज हर दिन आने लगे हैं। ऐसे में इलाज करनेवाले डॉक्टर भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, आई-फ्लू को लेकर विभाग सतर्क है और दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। विभाग ने नागरिकों से आंखों का ख्याल रखने की अपील की है।

बता दें कि मानसून के साथ ही जगह-जगह मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ठाणे में भी मानसूनी बीमारियों के अलावा आई-फ्लू के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। ठाणे मनपा के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में मनपा के ३३ स्वास्थ्य केंद्रों पर ३३ मरीज आए हैं। इसी तरह कलवा अस्पताल में तीन दिनों में २६ लोग आए हैं। इस प्रकार पिछले तीन दिनों में आई-फ्लू से संक्रमित कुल ५९ लोग मिले हैं। आई-फ्लू इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि ठाणेकर और कलवावासी ही इसकी चपेट में नहीं आए, बल्कि अस्पताल में इन मरीजों का इलाज करनेवाले डॉक्टर भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं। ऐसे में मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

मनपा स्वास्थ्य विभाग ने कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं जैसे कि जिन्हें यह ईफेक्शन हुआ है, वे दूसरों से हाथ न मिलाएं। संक्रमित व्यक्ति से छह फीट की दूरी बनाए रखें, जिससे अन्य व्यक्ति को इसका संक्रमण न हो। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए संक्रमित व्यक्ति आई ड्रॉप लेने के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं।

डॉक्टर राजेंद्र चौहान के अनुसार, आई फ्लू से बचने का सबसे कारगर तरीका है अपने हाथों और अपने आस-पास की सफाई रखें। आई फ्लू का इंफेक्शन हाथों के जरिए ज्यादा पैछलता है। इसलिए हाथों को बार-बार धोएं। आई फ्लू से ग्रसित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। डॉ. चौहान के अनुसार, आई फ्लू का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि वो किस तरह का आई फ्लू है। अगर वायरल आई फ्लू है तो वो सेल्फ लिमिटिंग टाइप का होगा, जो समय के साथ ठीक हो जाता है। लेकिन उसमें भी पेन रिलीवर और जरूरी दवाएं दी जाती हैं। बैक्टीरियल और एलर्जिक आई फ्लू की जांच के बाद उसका ट्रीटमेंट किया जाता है। इसके साथ ही आंखों में ठंडी सिकाई भी की जा सकती है।

# देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा रिडेवलपमेंट

## आज प्रधानमंत्री मोदी रखेगें आधारशिला, रेलवे ने कहा 2025 तक काम पूरा होगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को अमृत भारत योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों के रिडेवलपमेंट की आधारशिला रखेंगे। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहेंगे। ये सभी स्टेशन देश के 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में है। स्टेशनों के रिडेवलपमेंट में प्रोजेक्ट का खर्च 24,470 करोड़ बताया जा रहा है।

### 2025 तक पूरा होगा स्टेशनों का रिडेवलपमेंट

रेलवे के अधिकारी ने कहा कि यह रेलवे के लिए ऐतिहासिक कदम है। दुनिया में पहली बार होगा कि एक साथ इतनी अधिक संख्या में रेलवे स्टेशनों के रिडेवलपमेंट की आधारशिला रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे का लक्ष्य है कि 2025 तक इन सभी स्टेशनों के पुनर्निर्माण के काम को पूरा करना है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने दिए डिजाइन इनपुट

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन स्टेशनों के विकास पर हमारी सरकार का फोकस है। प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत तौर से इन रेलवे स्टेशनों के कार्य की निगरानी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन स्टेशनों की डिजाइन के लिए इनपुट भी दिए हैं। ये रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास के होगें, इन स्टेशनों में मिलने वाली सारी सुविधाएं उच्च स्तर की होगीं।

सितंबर से अगर आप भोपाल में ऑनलाइन रेल टिकट बनवाएंगे तो आपका 100 सेकंड का समय बचेगा। अब तक डेढ़ से दो मिनट में बनने वाले ऑनलाइन रेल टिकट 20-22 सेकंड में बन जाएंगे। कई बार सर्वर डाउन होने, पैसा अटकने जैसी समस्याओं से यात्री परेशान होते हैं। 5जी तकनीक आधारित नेक्स्ट जेनरेशन टिकट सिस्टम लागू होते ही इन समस्याओं से भी निजात मिलेगी।

# मणिपुर में 3 की मौत के बाद इंफाल में तनाव

## पहाड़ों से फायरिंग जारी, मोर्टार से हमला, भीड़ ने कई रास्ते जाम किए



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा फिर भड़की है। बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार देर रात हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक क्वाक्टा इलाके के मैतेई समुदाय से हैं। हिंसा की इन घटनाओं में कुकी समुदाय के कई घर भी जला दिए गए हैं। बिष्णुपुर पुलिस ने मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ लोग बफर जोन पार कर मैतेई इलाके में आये और उन पर गोलीबारी की। आपको बता दें कि केंद्रीय बलों द्वारा संरक्षित बफर जोन बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा क्षेत्र से 2 किमी से अधिक आगे बनाया गया है। हिंसा के बाद पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

इससे दो दिन पहले भी मणिपुर में हिंसा हुई थी। बिष्णुपुर जिले में सशस्त्र बलों और मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 17 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद इंफाल में घोषित कर्फ्यू में ढील के आदेश को वापस लेना पड़ा था। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर दिन के दौरान प्रतिबंध लगाया। सशस्त्र बलों और मणिपुर पुलिस ने जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब मैतेई समुदाय की महिलाएं जिले में एक बैरिकेड क्षेत्र को पार करने का प्रयास कर रही थीं। उन्हें असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने रोका, जिससे समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच पथराव और झड़पें हुईं। लगभग तीन महीने से पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भड़की हुई है। अब तक 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। मेइतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद 3 मई को हिंसा भड़क उठी।

# दक्षिण अफ्रीका को चीते बसाने में लगे 26 साल, 200 की हुई मौत

## कूनो में बचेंगे जिंदा 20 में से 5-7 ही!

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में लाए गए 20 चीतों में से 5-7 के ही जिंदा बचने की उम्मीद है। प्रोजेक्ट चीता से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का यह कहना है। मालूम हो कि 9 चीतों की पहले ही मौत हो चुकी है जिनमें 6 वयस्क और 3 शावक शामिल हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यहां चीतों की एक चौथाई आबादी पहले ही खत्म हो चुकी है और साल के अंत से पहले और भी मौतों की आशंका है। कूनो में चीतों को बसाने का प्रयास दुनिया के सबसे बड़े वन्यजीव स्थानांतरण में से एक है। जानकार कहते हैं कि कूनो में चीतों की अब तक की मृत्यु दर सामान्य मापदंडों के भीतर ही है। इसलिए चीतों की मौतों को लेकर बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। न्यूज 18 की रिपोर्ट में एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया गया, जब दक्षिण अफ्रीका ने साल 1966 में चीतों को फिर से बसाने की कोशिश शुरू की तो उसमें 26 साल लग गए।



### दक्षिण अफ्रीका-नामीबिया को भी लगा समय

दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में मिलाकर वैश्विक चीता आबादी का हिस्सा 40 प्रतिशत है। दुनिया भर में जानवरों की निरंतर गिरावट को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने कमजोर प्रजातियों के संरक्षण का प्लान बनाया। इसी कड़ी में चीतों को देश के भीतर और बाहर फिर से बसाना शुरू किया गया। कुछ सालों के बाद उन्हें सफलता मिली और यह देश आगे की गिरावट को रोकने में सक्षम हो गया। फिलहाल चीतों की मेटा-जनसंख्या हर साल 8 प्रतिशत बढ़ रही है जो कि संख्या के लिहाज से 40-60 है। मध्य प्रदेश वन विभाग के अनुसार, केएनपी में फिलहाल 15 चीते रह गए हैं, जिनमें सात नर, सात मादा और एक मादा शावक शामिल हैं। उनमें एक शावक सहित 14 चीते फिलहाल बाड़े में रखे गए हैं, जबकि एक मादा चीता अभी भी जंगल में विचरण कर रही है।

# त्रिपुरा पहुंच गया कर्नाटक का हिजाब विवाद, 10वीं के छात्र की पिटाई के बाद बवाल

**अगरतला।** कर्नाटक से उठा हिजाब का विवाद अब त्रिपुरा तक पहुंच गया है। यहां एक स्कूल में हिजाब का समर्थन करने पर 10वीं के छात्र के साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे पूरे स्कूल के सामने पीटा गया। छात्र की पहचान इलियास सरकार सुमन के तौर पर की गई है। आरोप है कि दक्षिणपंथी भीड़ ने इलियास को क्लासरूम से बाहर घसीट लिया और इसके बाद शिक्षकों और छात्रों के सामने ही उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने इस मामले में किसी भी धार्मिक ऐंगल के होने से इनकार कर रही है। सिपाही जला जनपद के कोरोईमुरा हायर सेकंड्री स्कूल में प्रधानाध्यापक ने मुस्लिम लड़कियों को हिजाब पहनने से रोका था। उन्होंने कहा था कि सभी स्टूडेंट प्रॉपर ड्रेस में आएं। वहीं हेडमास्टर के इस आदेश से छात्रों का एक समूह सहमत नहीं था। जानकारी के मुताबिक छात्रों ने प्रिंसिपल के कमरे में घूसकर तोड़फोड़ की। रिपोर्ट में कहा गया है कि तोड़फोड़ करने वाले छात्रों में पीड़ित भी शामिल था। स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रियतोश नंदी ने कहा, शिक्षकों के साथ बैठक के बाद निर्देश दिए गए थे कि सभी स्टूडेंट प्रॉपर यूनिफॉर्म में क्लास आएं।






# जखौरा पुलिस ने चौबीस घण्टे में किया लूटकाण्ड का खुलासा

## तीन शातिर बदमाश पुलिस की हिरासत में, एसपी ने दी जानकारी



**ललितपुर।** दो अगस्त को रात करीब ग्यारह बजे मोटर साइकिल से घर वापस जा रहे बाइक सवारों को रास्ते में रोकते हुये तीन बदमाशों ने मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर पांच टीमों का गठन किया गया था। घटना के चौबीस घण्टे के अंदर ही थाना जखौरा पुलिस ने घटना का पटाक्षेप करते हुये तीन बदमाशों को हिरासत में लिया है।

मामले की जानकारी देते हुये एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम रसोई व सिरसी के बीच तालाब के पास सड़क पर तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा कस्बा जखौरा निवासी प्रमोद कुमार चौरसिया पुत्र गोविन्ददास जो कि अपने पुत्र के साथ मोटर साइकिल से घर जा रहे थे को बीच रास्ते में रोकते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी और 1700 रुपये, पैन कार्ड छीन लिये। इसी दौरान ग्राम बुढ़ेरा निवासी रामनरेश पुत्र महताब सिंह से भी इसी प्रकार आठ हजार रुपये व आधार कार्ड छीन लिया था। दोनों मामलों में जखौरा पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मामले के खुलासे को लेकर एएसपी अनिल कुमार व सीओ सिटी अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में पांच टीमों का गठन किया गया था।

टीमों ने गहनता से पड़ताल करते हुये लूट की घटना में प्रकाश में आये अभियुक्तों में ग्राम रसोई निवासी रूपेश सेन पुत्र राजू सेन, सत्यभान अहिरवार पुत्र प्रभु अहिरवार एवं दीपू अहिरवार पुत्र धनीराम अहिरवार को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उक्त शातिर बदमाशों ने घटना को कारित करना कबूल कर लिया।

पुलिस ने तीनों के पास से लूटे गये 9700 रुपये, आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा घटना में प्रयुक्त लाठी-डण्डे बरामद कर लिये। पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि उन्होंने शराब पीने के लिए लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों का आपराधिक इतिहास होने की बात भी कही। लूट की घटना का अनावरण करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये की नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की।

बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, उप निरीक्षक राहुल सिंह राठौर, उप निरीक्षक दिग्विजय सिंह, हे.कां. प्रदीप कुमार सिंह, हे.कां.जितेन्द्र कुमार, हे.कां.बाबूराम पाल, कां.सतीश कुमार, कां.विवेक राठौर, हे.कां.चालक मुकेश कुमार, सी.सी.होमगार्ड इन्द्रपाल सिंह तोमर के अलावा एसओजी व सर्विलांस टीम से सर्विलांस प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, एसओजी हे.कां.नरेन्द्र बघेल, हे.कां. शरद यादव, हे.कां. मनोज कुमार, हे.कां.शीलेन्द्र भदौरिया, हे.कां.स्वदेश, हे.कां.शिवबीर सिंह, सर्विलांस सेल हे.कां.बृजेन्द्र सिंह, सर्विलांस सेल हे.कां. प्रशान्त कुमार, सर्विलांस सेल , हे.कां.जितेन्द्र सिंह भदौरिया शामिल रहे।

# ग्रापए का चालीसवां स्थापना दिवस आठ अगस्त को

**ललितपुर।** प्रदेश नेतृत्व सौरभ कुमार के निर्देशों के क्रम में ललितपुर जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया है कि आगामी 8 अगस्त को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का 40वां स्थापना दिवस पूरे प्रदेश में मनाया जाना तय हुआ है। इसी क्रम ललितपुर जनपद की सभी तहसील मुख्यालयों पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए सभी तहसील अध्यक्षों और तहसील प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही जिला कार्यकारिणी से दो दो पदाधिकारियों को कार्यक्रम का प्रभारी बनाकर तहसीलों में भेजा जाएगा। जिससे कार्यक्रम तय रूपरेखा के अनुसार संपन्न हो सके। इस अवसर पर सभी तहसीलों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की यात्रा के 40 वर्ष विषय पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी जिससे स्थानीय ओजस्वी वक्ताओं को विचार प्रकट करने का अवसर दिया जायेगा। कार्यक्रम के जिला संयोजक और जिला महासचिव सम्राट राजा एड ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश वर्तमान में प्रदेश के समीपवर्ती 8 राज्यों में आंचलिक पत्रकारों को जोड़ने के लिए सांगठनिक रूप से कार्य कर रहा और करीब 25 हजार सदस्यों के साथ ये देश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है। वर्तमान में संगठन अपनी प्रचलित रीतियों के अनुसार समय समय पर जिला स्तर, मंडल स्तर, प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करवाती रहती है, जिनका उद्देश्य पत्रकारिता को समुचित दिशा देना और शुचिता बनाए रखना है।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने पर घंटाघर पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**ललितपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की 2 साल की सजा पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने से राहुल गांधी की सांसद सदस्यता बहाल होगी। राहुल गांधी सदन में भाग ले सकेंगे और सरकार को सदन में मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगे। उच्चतम न्यायालय के इस आदेश पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया। सदस्यता बहाल होने की खुशी में कांग्रेसियों ने घण्टाघर मैदान पर जश्न मनाया और कार्यकर्ताओं के बीच मिष्ठान वितरण किया। साथ ही ढोल नगाड़े बजाकर खुशी मनाई।

कांग्रेसियों ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और सच्चाई की जीत हुई है, और नफरत की हार हुई है। राहुल गांधी सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, गांव गरीब किसान मजदूर की आवाज बन रहे हैं, संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम कर रहे हैं। कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही से देश की जनता भयभीत है। सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। पूरे देश में महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है, युवा बेरोजगार घूम रहे हैं मणिपुर के हालात जस के तस बने हुए हैं। प्रधानमंत्री सदन में मणिपुर की चर्चा के लिए 1 मिनट का समय भी नहीं दे रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री को विदेश घूमने से फुर्सत नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह साफ हो गया है कि देश में एक साफ और स्वच्छ विचारधारा ही देश को आगे बढ़ा सकती है। आज कांग्रेसियों ने जश्न मना कर मिठाई बांटी खूब ढोल नगाड़े बजे और कांग्रेस जनों ने कहा कि आज देश में संविधान, सच्चाई और लोकतंत्र की जीत हुई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह, आशाराम तिवारी, बहादुर अहिरवार, रामभरोसे कुशवाहा, नेहा, वैभव जैन एड., अजय प्रताप तोमर एड., यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, संजीव चौरसिया, दीपक बाबा, मकरंद किलेदार, पवन विश्वकर्मा, पुनीत देवलिया एड, असलम खान, गजेन्द्र राजा, नीलेश प्यासा, संजय जाटव, अमर पाल रजक, नीरज पाराशर, मोंटी शुक्ला, रोहित कुशवाहा, रामनरेश दुबे, इरफान पठान, अजय कुशवाहा, राहुल सेन आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

## पहला चरण सात अगस्त से, गर्भवती एवं छोटे बच्चों का होगा टीकाकरण



**ललितपुर।** सात अगस्त से प्रारंभ हो रहे सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के उपलक्ष्य में शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। राज्यमंत्री मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। गाजे बाजे के साथ रैली नगर संसाधन केंद्र से होकर सीएमओ कार्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी स्वस्थ रहें, जिसे ध्यान में रखकर सघन मिशन इंद्रधनुष चलाया जा रहा है। इसका पहला चरण सात अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान गर्भवती एवं छोटे बच्चों (शून्य से पांच वर्ष) का टीकाकरण किया जाएगा, ताकि उन्हें जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सके। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि शासन की ओर से समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाए जाते हैं, इन अभियानों का मकसद बच्चों व गर्भवती माताओं को विभिन्न बीमारियों से बचाना है।

हम सभी की जिम्मेदारी है कि टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे टीकाकरण अभियान शत प्रतिशत सफल हो सके। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि सात अगस्त से 12 अगस्त तक सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का पहला चरण संचालित किया जाएगा। पिछले दिनों टीकाकरण से छूटे शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को चिन्हित किया गया। इस दौरान 8395 बच्चे व 1849 गर्भवती महिलाएं चिन्हित हुई हैं। इनका टीकाकरण करने के लिए 885 सत्र लगाए जाएंगे। इन सत्रों के माध्यम से गर्भवती एवं बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराकर लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि बच्चे व गर्भवती टीकाकरण से छूटे हैं तो वह इस अभियान का लाभ उठाएं और टीकाकरण अवश्य कराएं। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि चिन्हित गर्भवती व छूटे बच्चों को टीका लगाया जाएगा। मिशन इंद्रधनुष का उद्देश्य बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण कर उन्हें जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करना है। इसे ध्यान में रखकर बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे बच्चे स्वस्थ रहें।

यदि बच्चा टीकाकरण से प्रतिरक्षित है तो उसे बीमारी जल्दी नहीं पकड़ेगी। यदि बीमारी हो भी जाती है तो जटिलता की संभावना कम रहती है। बच्चों का समय पर टीकाकरण कराना जरूरी है। टीकाकरण से मना करने वालों को प्रेरित करने के लिए समाज के प्रभावशाली, धर्मगुरुओं का सहयोग लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग व यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधियों द्वारा मोबिलाइज और जागरूक किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.राजेश भारती ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाकरण का कार्य सभी ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। इस मौके पर नोडल अधिकारी एनएचएम डा.अमित तिवारी, डिप्टी सीएमओ डा.अवधेश यादव, डिप्टी सीएमओ डा.आर.एन.सोनी, डीएमओ मुकेश जौहरी, सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह, जिला कोऑर्डिनेटर गौरव जैन, रवि झा आदि मौजूद रहे।

### 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है टीकाकरण

सीएमओ सभागार में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान की ब्लॉक स्तरीय टीम की संवेदीकरण बैठक में सीएमओ ने कहा कि इस अभियान में 12 प्रिवेंटेबल डिजीज का टीकाकरण किया जाएगा, जिसमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, क्षय (टीबी), हेपेटाइटिस-बी, मैनिंजाइटिस, निमोनिया हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप-बी संक्रमण, रोटावायरस वैक्सीन, न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीएसवी) और खसरा रूबेला (एमआर) शामिल हैं। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सैना, यूनिसेफ डीएमसी ज्योति तिवारी, चाई के जिला कोऑर्डिनेटर तारिक, बीपीएम, वीसीपीएम एवं ब्लाक से आए अन्य कर्मी मौजूद रहे।




# बिहार से आये शातिर ठगों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुराने सोने चांदी के जेवर साफ करते ही कम हो जाता सोना चांदी

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वमा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले व डीएसपी श्रीमती प्रिया सिंह मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 सतीश मिश्रा के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस ने बिहार से आये शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना कोतवाली अंतर्गत 03 अगस्त को थनहवा टोला के राहुल गुप्ता ने सूचना दी



कि उसकी मां घर मे अकेले थी तभी दोपहर के वक्त 2 फेरी वाले आये और कहने लगे आपके घर मे पुराना सोना चांदी हो तो ले आये जिसमे वो लोग साफ करके चमका देंगे तब उसकी मां द्वारा अपनी सोने की चैन वजनी 13 ग्राम को साफ करने के लिए दे दिया जो फेरी वालो ने खास तरह से तैयार लिक्विड में उसे डाल दिया जब बाहर निकाला तो उसकी मां को उसका बजन कम लगा जो सुनार के पास गई जहां बजन कराने पर 5 ग्राम बजन होना पाया गया तब राहुल गुप्ता ने थाने में फेरी वालो पर मामला पंजीबद्ध कराया। उसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा फेरी वालो की तलाश की गई जो मिलने पर पूंछतांछ करने पर अपना नाम मनीष कुमार शाह एवं मुन्ना शाह दोनों निवासी पूर्णिया बिहार के बताये गए है आरोपियों के पास से लिक्विड,बर्तन आदि जब्त किए गए और गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश मिश्रा, राकेश राजपूत,आरक्षक आजाद खान,सुनील बागरी का सराहनीय योगदान रहा है।

# चुरहट बस स्टैंड में विकास पर्व यात्रा का लग रहा तंबू, कांग्रेस ने कलेक्टर से की शिकायत

## विकास पर्व यात्रा के बहाने भाजपा कर रही कार्यकर्ता सम्मेलन: कमलेश्वर

**सीधी।** जिले के चुरहट नगर परिषद में शनिवार 05 अगस्त को भाजपा सरकार द्वारा विकास यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम स्थल के चयन को लेकर विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को चुरहट दौरे पर गए कलेक्टर साकेत मालवीय से मिलकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक स्थल नवीन बस स्टैंड में उक्त कार्यक्रम आयोजित कराने पर विरोध जताया है।

बता दें कि भाजपा सरकार द्वारा चुरहट में आयोजित किए जा रहे विकास कार्यक्रम के लिए स्थल का चयन नवीन बस स्टैंड को किया गया है जिस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलेश्वर सिंह एवं चुरहट मंडलम के अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय ने कहा कि यह एक सार्वजनिक क्षेत्र हैं यहां



दिनभर में सैकड़ों बसों का आनाजाना होता है, बसों का संचालन इस जगह से होने के चलते यहां सुबह से शाम तक यात्रियों की आवाजाही बनीं रहती हैं ऐसे में इस जगह पर विकास यात्रा के नाम पर टेन्ट पंडाल लगाकर कार्यक्रम किया जाना बिल्कुल उचित नहीं है। हालांकि कांग्रेस नेताओं की आपत्ति पर कलेक्टर ने एसडीएम चुरहट को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। बाबजूद इसके उक्त नेताओं ने कहा कि कलेक्टर के आदेश का प्रभाव कितना रहता है यह भी पता लगजायेगा।

### नगर परिषद पर भी लगाए आरोप

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलेश्वर सिंह नगर परिषद प्रबंधन को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सफाई न होने के चलते नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है, पानी की निकासी न होने के चलते वार्ड नं01 के निवासी सब्बीर खां का कच्चा मकान गिर गया, आज भी वहाँ पानी भरा हुआ है। नगर परिषद प्रबंधन द्वारा साफ सफाई में ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि विकास यात्रा के नाम पर सरकारी खर्च से भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा।

### विधायक करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत

भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा पूरे प्रदेश भर मे चलाये गये कार्यक्रम के तहत विधानसभा झेत्र चुरहट मे आज 5अगस्त को चुरहट के नवीन बस स्टैंड प्रांगण में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सुबह 11 बजे से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक चुरहट शरतेन्दु तिवारी के मार्गदर्शन व मुख्य अतिथि मे आयोजित किया गया है। इस सम्बंध मे कार्यक्रम की जानकारी देते हुये विधायक प्रतिनिधि चुरहट नारेन्द मणि उर्फ दद्दन पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष चुरहट रजनीश शुक्ला, अनुसुइया सोनी, राजेश पटेल महामंत्री ने बताया की विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन मे जिले के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ती केन्द्र के पंच परमेश्वर बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सहित पन्ना समिति व कार्यकर्ताओ का आमंत्रित किया गया है।

# अघोषित विद्युत कटौती को लेकर सिहावल विधायक ने बहरी में दिया धरना

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** सिहावल विधायक एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में अघोषित विद्युत कटौती को रोकने एवं अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर बहरी तहसील प्रांगण के सामने कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारियों के एक सप्ताह में समाधान करने के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। विधायक श्री पटेल ने धरना स्थल पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं शासन-प्रशासन की लापरवाही,उदासीनता एवं जन विरोधी नीतियों के कारण अन्नदाता,नौजवान एवं आमजन परेशान और बेहाल है।

इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। विधायक श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती,जली-कटी विद्युत केबल, जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को महीनो बाद भी नहीं बदला गया है। विद्युत के अधिक बिल से किसान एवं आमजन त्रस्त हो रहे हैं। राजस्व के नामांतरण,



सीमांकन बटवारा,रजिस्ट्री नामांतरण, आपदा राहत में विलंब।अधिकारियों का कार्यालय में नहीं बैठने से राजस्व प्रकरण व अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। कर्मकार व संबंल के श्रमिक पंजीयन के लिए गरीबों को भटकना पड़ रहा है। कर्मकार व संबल की राशि भी सालों से हितग्राहियों को नहीं दी गई। वृद्धा पेंशन व दिव्यांग पेंशन के पात्र हितग्राहियों को संबंधित पेंशन में नहीं जोड़ा जा रहा है। मनरेगा का मटेरियल एवं मजदूरी भुगतान महीनों से नही किया जा रहा है।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र के बीमार रोगियों को एंबुलेंस व शव वाहन का समय पर ना मिलने से जन स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति,निशुल्क यूनिफॉर्म,साइकिल वितरण नहीं होने से गरीबों के बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। गुणवत्ता युक्त बीज,डीएपी,यूरिया खाद किसानों को नहीं दिया जाकर इसकी कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि आवारा पशुओं के स्वच्छंद विचरण से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है,आवारा पशुओं की सड़कों पर बैठने से जनजीवन प्रभावित होकर दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। कार्यक्रम के अंत में जन विरोधी नीतियों के विरोध में 11 सूत्री ज्ञापन मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन उपस्थित रहे।

# अपराधों को रोक पाने में नाकाम शिवराज सरकार कब चलेगा विधायक के घर बुलडोजर

**सीधी।** सिंगरौली से बड़ी खबर निकल के आ रही है मोरवा थाना अंतर्गत आपको बता दें कि अब सीधी पेशाब कांड से लेकर अब सिंगरौली में गोली कांड आदिवासी के ऊपर किया गया है।विधायक राम लल्लू वैश्य के बेटे विवेक कुमार वैश्य खुलेआम गुंडागर्दी। उल्लेखनीय है कि विधायक पुत्र का पुराना आपराधिक रिकार्ड है। इस पूरे मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सेजय सिंह राजू मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेश महासचिव समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश से सवाल किए है। की आखिर कब चलेगा बुल्डोजर और कब मिलेगा न्याय अपराधों को रोक पाने में नाकामयाब शिवराज सरकार प्रदेश में जब से शिवराज सरकार आयी है, आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है। इस लगता है मानो अपराधी यही सोच के बैठे थे कि कब प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर बने और कब हम अपने नापाक मंसूबो को अंज़ाम दें। मध्य प्रदेश के हर जिले से रोज कोई न कोई आपराधिक मामला सामने आता है।



कहीं किसी का बलात्कार हो जाता है। कहीं किसी को लूट लिया जाता है। कहीं किसी के साथ मारपीट की जाती है। लूट खसोट, चोरी डकैती और छेड़छाड़ की घटनाओं की तो कोई गिनती ही नहीं हैं। और बीते दिन मोरवा गोली कांड। एक हमारे सिंगरौली विधायक साहब रामलल्लू वैश्य हैं जो अपने बेटे का जीवन संवारने में लगे हैं अब देखन अब यह है शिवराज सरकार आखिर कब विधायक के घर पर कब तक बुलडोजर चलेगा अगर कार्यवाही नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगी और कार्यवाही के लिए सरकार को बाध्य होना पड़ेगा उक्त बातें जय सिंह राजू ने अपने बयान में कहा है।

# नपा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह द्वारा सांई मंदिर में कराया गया भंडारा, भक्तों की उमड़ी भीड़

**सीधी।** शहर के मध्य सांई मंदिर में गुरूवार को भंडारे का आयोजन किया गया। नपा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह द्वारा कराये गये भंडारे में काफी संख्या में भक्तगण पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किये। ज्ञात हो



कि हर गुरूवार को सांई मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसी तारतम्य में गुरूवार को नपा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नपा उपाध्यक्ष एवं उनके सुपुत्र हर्ष सिंह चौहान ने स्वयं अपने हांथों से भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। मंदिर परिसर में काफी संख्या में भक्तगण प्रसाद लेने के लिये लाईन में लगे रहे। बारी-बारी से हर किसी को प्रसाद उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर रामदुलारे चतुर्वेदी, भास्कर सिंह चौहान, बृजेश सिंह गोरे, विनय सिंह, संजय सिंह, रिंकू सिंह सहित शहर के काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।




# सनी देओल ने बॉडी शेव करने वाले स्टार्स पर साधा निशाना, बोले - 'मुझे शर्म आती है ये देखकर'



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल सालों बाद पर्दे पर फिर से वापसी कर रहे हैं। एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म 'गदर 2'को लेकर चर्चा में बने हुए है। इन दिनों एक्टर फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में सनी ने मेल एक्टर के अपने बॉडी को शेव करने पर एक चौंका देने वाला बयान दिया है। सनी देओल और अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म 'गदर 2' रिलीज होने वाली हैं। ऐसे में दोनों सितारे फिल्म का जमकर प्रमोशन भी करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच एक्टर का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें सनी देओल ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई पहलुओं पर भी बात की है। सनी देओल ने आजतक को दिए इंटरव्यू में उन एक्टर्स पर निशाना साधा जो अपनी बॉडी को शेव करते हैं। इस दौरान एक्टर ने कहा, बॉडी को शेव करके उन्हें लगता है कि वो 'स्टार' बन गए हैं, लेकिन मुझे तो ऐसा करने में बहुत ज्यादा शर्म आती है, जब हम अपने बॉडी शेव कर लेते हैं, लगता है कि लड़की बन गए है..द्व। आगे उन्होंने कहा कि,''लाइफ में उन्होंने कभी भी सिक्स-पैक एब्स बनाने के बारे में नहीं सोचा, क्योंकि मुझे लगता है हम लोग एक्टर हैं कोई बॉडीबिल्डर नहीं है जो ऐसा करेंगे। हम इस इंडस्ट्री में एक्टिंग के लिए ही आए है, बॉडी बिल्डिंग करने के लिए नहीं.द्व। गदर 2 की स्टार अटारी-वाघा बॉर्डर पर अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान एक्टर ने 'हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था और जिंदाबाद रहेगा' के नारे भी लगाए। इस दौरान उन्होंने भारतीय जवानों संग मस्ती भी की।

## शाही अंदाज में कंगना




**कंगना** रनोत बॉलीवुड की बोल्ड क्वीन हैं। वह अक्सर किसी न किसी मुद्दे पर बोलती नजर आ जाती हैं। कंगना अपने बयानों की तरह अपनी फिल्मों को लेकर भी मशहूर हैं। बीते काफी समय से कंगना रनोत चंद्रमुखी 2 को लेकर चर्चा में हैं। कुछ समय पहले इस फिल्म से अभिनेता राघव लॉरेंस का पहला लुक रिवील हुआ था। इसके बाद फैंस को कंगना रनोत के पहले लुक का इंतजार कर रहे थे। फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। मेकर्स ने चंद्रमुखी 2 से कंगना रनोत का पहला लुक रिवील कर दिया है, जिसमें वह रानी के रूप में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। कंगना का लुक साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'सुंदरता और पोज जो अनायास ही हमारा ध्यान खींच लेती है! पेश है चंद्रमुखी2 से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनोत का ईर्ष्यापूर्ण, प्रभावशाली और भव्य पहला लुक।' मेकर्स ने अलग-अलग भाषाओं में फिल्म का पोस्टर जारी किया है, जिसमें कंगना का शाही अंदाज देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म रिलीज को लेकर भी घोषणा की है। मेकर्स ने बताया है कि यह फिल्म गणेश चतुर्थी के खास मौके पर रिलीज होगी।

## रश्मिका ने गुपचुप तरीके से रचाई शादी!



**नेशनल** क्रश रश्मिका मंदाना अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर मीडिया की सुर्खियों में छाई रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ को लेकर काफी चर्चे में रहती हैं। उनका नाम साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा से अक्सर जुड़ता रहता है। मीडिया में दोनों की डेटिंग की खबरें ने आग की तरह फैलती हैं और साथ ही उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल होती रहती हैं।

मगर क्या आप जानते हैं कि फैंस के दिलों पर राज करने वाली रश्मिका ने गुपचुप तरीके से किसी से शादी कर ली है। मगर वो विजय देवरकोंडा नहीं, बल्कि कोई और है। एक्ट्रेस ने जिस नाम का खुलासा किया उसे जानकर शायद आपको यकीन नहीं होगा। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब रश्मिका से उनकी निजी जिंदगी को लेकर सवाल पूछा गया तब उनके इस एक बयान ने सबको हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि वो पहले से ही शादीशुदा हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने गुपचुप तरीके से एनीमे कैरेक्टर 'नरूटो' से शादी कर ली है। एक्ट्रेस की यह बात सुनकर हर किसी की हंसी छूट गई। उन्होंने कहा, 'नारुतो के पास मेरा दिल है। वो मेरा पसंदीदा कैरेक्टर है। मैं उस किरदार से पूरी तरह से शादी कर चुकी हूं।'

आपको बता दें जापानी एनीमे सीरीज के लीड कैरेक्टर 'नरूटो' और नारुतो शिपूडेन कई लोगों के लिए एक इमोशन है और इसी लिस्ट में रश्मिका मंदाना का भी नाम शामिल है। साथ ही रश्मिका एनीमे के कैरेक्टर 'हिनाता' की तरह बनने की इच्छा भी जाहिर की और अपने बालों में पर्पल कलर करवाने की बात कही हैं।

## आत्मनिर्भर निया

**शादी** को लेकर हर लड़की की अपनी पसंद नापसंद होती है। बात करें अगर जमाई राजा और नागिन 4 की अभिनेत्री निया शर्मा की, तो वह अपने दिमाग में इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि उन्हें किसी लड़के से पैसों के लिए शादी नहीं करनी है, क्योंकि वह खुद आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान निया ने कहा कि आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने से मैं पावरफुल महसूस करती हूं।



मुझे यह बात पता है कि कल को अगर मुझे किसी से शादी करनी होगी, तो वह पैसों के लिए कभी नहीं होगी। मैंने पैसे कमा लिए हैं। जिससे मेरी शादी होगी, उसे यह बात पता होनी चाहिए कि मैं उनके पैसे और प्रापर्टी के पीछे नहीं हूं। अगर शादी नहीं भी चली, तो हमारा झगड़ा पैसों को लेकर नहीं होगा। आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने की वजह से मैं इतना सशक्त महसूस करती हूं कि मुझे कोई तोड़ नहीं सकता है, फिर चाहे वह मेरी जिंदगी से चला ही क्यों न जाए।

हां, यह बात जरूर है कि मेरा दिल टूटेगा, शायद मैं रोऊंगी भी, जीवन में बदलाव भी आएंगे, लेकिन मैं फिर के उठकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाऊंगी। आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने से ही यह हिम्मत आती है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com